प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली: 7 जनवरी 2022

लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना में शीतकालीन ओलंपिक्स में भाग लेने वाले मोहम्मद आरिफ खान शामिल किया

नई दिल्ली, 7 जनवरी: खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (मि.ओ.से.) ने लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) कोर ग्रुप में अल्पाइन स्कीइंग एथलीट मोहम्मद आरिफ खान को इस फरवरी में बीजिंग, चीन में निर्धारित शीतकालीन ओलंपिक्स तक शामिल करने की मंजूरी दे दी है।

खान शीतकालीन ओलंपिक्स में सलैलम और जइंट सलैलम स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। उन्हें चीन में भव्य आयोजन से पहले टॉप्स के तहत यूरोप में प्रशिक्षण और उपस्कर की खरीद के लिए 17.46 लाख रुपए की राशि की मंजूरी दी है। खान का वर्तमान प्रशिक्षण ऑस्ट्रिया में है, जहां उनके प्रशिक्षक और फिजियो भी साथ रहेंगे।

मि.ओ.से. ने खान के लिए कुल 35 दिनों के यूरोपीय प्रशिक्षण शिविर की मंजूरी दी, जो शीतकालीन ओलंपिक्स के लिए उनकी योग्यता जब से शुरू हुआ। उन्होंने पिछले वर्ष दिसंबर में मोटेनेग्रो में जइंट सलैलम कोटा जीता। एक महीने पहले, उन्होंने स्लैलम स्पर्धा के लिए कोटा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि ने खान को दो अलग-अलग शीतकालीन ओलंपिक स्पर्धा में सीधे कोटा स्थान जीतने वाले पहले भारतीय बनने का अनूठा गौरव प्राप्त कराया, इसके अलावा शीतकालीन ओलंपिक खेलों 2022 में भाग लेने वाले देश के प्रथम एथलीट है।

उत्तराखंड में आयोजित 2011 दक्षिण एशियाई शीतकालीन खेलों में गुलमर्ग के एथलीट ने सलैलम और जइंट सलैलम स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते थे।

ईओएम